(ख)

16. <u>परीक्षा का स्वरूप</u>

16.1 **परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम** :– परीक्षा निम्नलिखित तीन चरणों में ली जायेगीः–

**(क)** शारीरिक दक्षता परीक्षण

**(ख)** लिखित परीक्षा

**(ग)** चिकित्सीय जाँच

16.2 **(क) शारीरिक दक्षता परीक्षण** – झारखण्ड राज्य पुलिस नियुक्ति नियमावली (पुलिस सेवा के लिए भर्त्ती पद्धति) 2014 में वर्णित प्रावधान (अद्यतन यथा संशोधित एवं समय–समय पर संशोधित) के अनुसार अधिसूचित चयन पर्षद द्वारा अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षण ली जायेगी जिसमें सफल होना अनिवार्य होगा। शारीरिक दक्षता परीक्षण अर्हक (Qualifying) परीक्षा है, जिसमें कोई अंक देय नहीं होगा। चयन पर्षद शारीरिक माप एवं शारीरिक योग्यता में योग्य तथा अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची आयोग को उपलब्ध करायेगा।

**(ख) लिखित परीक्षा** – शारीरिक दक्षता परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों की ओ॰ एम॰ आर॰ (OMR) आधारित लिखित परीक्षा ली जाएगी। लिखित परीक्षा यदि विभिन्न समूहों में लिया जाता है तो अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का Normalisation किया जाएगा। अभ्यर्थियों की मेधासूची उनके प्राप्तांक के Normalised अंक के आधार पर तैयार किया जाएगा तथा परीक्षाफल प्रकाशन के पश्चात् उन्हें Normalised अंक ही दिया जाएगा। उत्पाद सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु गठित मेधासूची में स्थान पाने के लिए अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में आरक्षण कोटिवार निर्धारित न्यूनतम अहर्तांक [यथा विवरणिका की कंडिका 17(iv)] प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**(ग) चिकित्सीय जाँच** – मेधासूची में उपलब्ध अभर्थियों को मेधाक्रमानुसार आरक्षण कोटिवार रिक्तियों की संख्या के तीन गुणा अभ्यर्थियों का चयन चिकित्सीय जाँच के लिए किया जायेगा। चिकित्सीय जाँच झारखण्ड राज्य पुलिस नियुक्ति नियमावली (पुलिस सेवा के लिए भर्त्ती पद्धति) 2014 में वर्णित प्रावधान (अद्यतन यथा संशोधित एवं समय–समय पर संशोधित) के अनुसार अधिसूचित चयन पर्षद द्वारा की जायेगी। चयन पर्षद के निर्णय के विरूद्ध अपील के लिए Apex Medical Board गठित किया जायेगा। चिकित्सीय परीक्षण के सम्बन्ध में Apex Medical Board का निर्णय अंतिम होगा। चिकित्सीय जाँच में योग्य एवं अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची आयोग को चयन पर्षद द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी।

**नोट – चिकित्सीय जाँच उपरान्त प्रमाण पत्रों का सत्यापन आयोग द्वारा करते हुए परीक्षाफल प्रकाशित किया जायेगा। इस क्रम में पद रिक्त रह जाने की स्थिति में आयोग पुनः अपेक्षित संख्या में लिखित परीक्षा के मेधाक्रम में नीचे के अभ्यर्थियों की सूची चिकित्सीय जाँच परीक्षा के आयोजन हेतु चयन पर्षद को उपलब्ध करायेगा।**

**16.3 लिखित परीक्षा :–** लिखित परीक्षा में निम्नलिखित तीन पत्र होंगे। प्रत्येक पत्र की परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी। तीनों ही पत्रों के प्रत्येक प्रश्न तीन अंक के होंगे। सही उत्तर के लिए तीन अंक प्रदान किये जायेंगे एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक की कटौती की जाएगी। तीनों पत्रों के सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर आधारित होंगे।

**(I) पत्र 1 – विषय : (भाषा ज्ञान)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | हिन्दी भाषा ज्ञान | – | 80 प्रश्न |
| (ख) | अंग्रेजी भाषा ज्ञान | – | 40 प्रश्न |
| | **कुल** | **–** | **120 प्रश्न** |

इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 30 प्रतिशत न्यूनतम अर्हतांक निर्धारित रहेगा। न्यूनतम अर्हतांक से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए चयन हेतु असफल/अयोग्य माने जाएंगे। प्राप्त अंक मेधा निर्धारण के लिए नहीं जोड़ा जायेगा।

**(II) पत्र 2 – (क्षेत्रीय /जनजातीय भाषा ज्ञान)**

हिन्दी/ अंग्रेजी/ संस्कृत/ उर्दु/ संथाली/ बंगला/ मुण्डारी (मुण्डा)/ हो/ खड़िया/ कुडुख (उराँव)/ कुरमाली/ खोरठा/ नागपुरी/ पंचपरगनीया/ उड़िया में से किसी एक भाषा की परीक्षा विकल्प के आधार पर अभ्यर्थी दे सकेंगे। इस परीक्षा में संबंधित भाषा के एक सौ (100) बहुविकल्पीय उत्तर आधारित प्रश्न पूछे जायेगे।

**नोट – पत्र – 02 में 30 प्रतिशत न्यूनतम अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।**

**(III) पत्र :– 3**

**इस पत्र में पूछे जाने वाले प्रश्नों की संख्या 120 (एक सौ बीस) होगी एवं विषय तथा प्रश्नों की संख्या अधोलिखित होगीः–**

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य अध्ययन | – | 40 प्रश्न |
| झारखण्ड राज्य से संबंधित ज्ञान | – | 50 प्रश्न |
| सामान्य विज्ञान | – | 20 प्रश्न |
| सामान्य गणित | – | 10 प्रश्न |
| कुल | – | 120 प्रश्न |

**नोट– पत्र – 03 में 30 प्रतिशत न्यूनतम अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।**

**टिप्पणी – (1) पत्र–1 (भाषा ज्ञान) की परीक्षा में न्यूनतम अर्हतांक 30 प्रतिशत होगा। न्यूनतम अर्हतांक से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए चयन हेतु असफल/अयोग्य माने जायेंगे। प्राप्त अंक मेधा निर्धारण के लिए नहीं जोड़ा जायेगा।**

**(2) पत्र–2 क्षेत्रीय/जनजातीय भाषा ज्ञान तथा पत्र–3 सामान्य ज्ञान की परीक्षा में न्यूनतम अर्हतांक 30 प्रतिशत होगा।**

**(3) पत्र–1, पत्र–02 एवं पत्र–03 की परीक्षा में न्यूनतम अर्हतांक 30 प्रतिशत अथवा इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के पत्र–2 एवं पत्र–3 में प्राप्त अंकों को जोड़ कर कुल अंकों के आधार पर मेधा का निर्धारण किया जायेगा।**

**(4) प्रत्येक पत्र की परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी।**

**16.4 मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम :–**

**(I) <u>पत्र–1 (भाषा ज्ञान)</u>**

**(क) हिन्दी भाषा ज्ञान :–**

(i) हिन्दी अनुच्छेद पर आधारित प्रश्न – 20 प्रश्न

(ii) हिन्दी व्याकरण पर आधारित प्रश्न – 60 प्रश्न

इस विषय में हिन्दी अपठित अनुच्छेद (Unseen Passage) तथा हिन्दी व्याकरण पर आधारित प्रश्न रहेंगे।

**(ख) अंग्रेजी भाषा ज्ञान :–**

(i) अंग्रेजी अनुच्छेद पर आधारित प्रश्न – 20 प्रश्न

(ii) अंग्रेजी व्याकरण पर आधारित प्रश्न – 20 प्रश्न

इस विषय में अंग्रेजी अपठित अनुच्छेद (Unseen Passage) तथा अंग्रेजी व्याकरण पर आधारित प्रश्न रहेंगे।

**(II) <u>पत्र–2 ( क्षेत्रीय/ जनजातीय भाषा ज्ञान)</u>**

**क्षेत्रीय/ जनजातीय भाषा ज्ञान का पाठ्यक्रम परिशिष्ट–XIII** के रूप में विवरणिका के साथ संलग्न है।

**(III)** <u>**पत्र–3 (सामान्य ज्ञान)**</u>

**(क) सामान्य अध्ययनः–** इसमें प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थी के आस–पास के वातावरण की सामान्य जानकारी तथा समाज में उनके अनुप्रयोग के संबंध में उसकी योग्यता की जाँच करना होगा। वर्तमान घटनाओं और दिन–प्रतिदिन की घटनाओं के सूक्ष्म अवलोकन तथा उनके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे मामलों की जानकारी जैसा कि किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है। इसमें भारत देश एवं झारखण्ड राज्य के संबंध में विशेष रूप से यथा संभव प्रश्न पूछे जा सकते हैं। सम–सामयिक विषय– राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार, भारतीय भाषाऐं, पुस्तक, लिपि, राजधानी, मुद्रा, खेल–खिलाड़ी महत्वपूर्ण घटनाऐं। भारत का इतिहास, संस्कृति, भूगोल, पर्यावरण, स्वतंत्रता आंदोलन, भारतीय कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों की प्रमुख विशेषताएँ एवं भारत का संविधान एवं राज्य व्यवस्था, पंचायती राज, सामुदायिक विकास, झारखण्ड राज्य की सामान्य जानकारी।

**(ख) झारखण्ड राज्य से संबंधित ज्ञानः**–झारखण्ड राज्य के भूगोल, इतिहास, सभ्यता संस्कृति, भाषा–साहित्य, स्थान, खान खनिज, उद्योग, राष्ट्रीय आंदोलन में झारखण्ड का योगदान, विकास योजनाएँ, खेल–खिलाड़ी इत्यादि।

**(ग) सामान्य विज्ञान** :– सामान्य विज्ञान के प्रश्न में दिन–प्रतिदिन के अवलोकन एवं अनुभव पर आधारित विज्ञान की सामान्य समझ एवं परिबोध से संबंधित विषय रहेंगें, जैसा कि एक सुशिक्षित व्यक्ति से, जिसने किसी विज्ञान विषय का विशेष अध्ययन नहीं किया हो, अपेक्षित है।

**(घ) सामान्य गणित** :– इस विषय में सामान्यतः अंक गणित से सम्बन्धित प्रश्न रहेंगे। सामान्यतः इसमें मैट्रिक/दसवीं कक्षा स्तर के प्रश्न रहेंगे।

## 16.5 <u>शारीरिक दक्षता परीक्षण :–</u>

मात्र पुरूष अभ्यर्थियों के सीने की माप का जाँच किया जायेगा। अभ्यर्थियों की शारीरिक माप विवरणिका की कंडिका–06 के अनुरूप होगी।

**दौड़ः–**

(क) पुरूषों के लिए 10 कि0 मी0 60 मिनट में।

(ख) महिलाओं के लिए 05 कि0 मी0 40 मिनट में।

शारीरिक दक्षता परीक्षण का प्रपत्र **परिशिष्ट–X** के रूप में विवरणिका के साथ संलग्न है।

**16.6 चिकित्सीय जाँच :–**

**I.** लिखित परीक्षा में उतीर्ण अभ्यर्थियों का चिकित्सीय जाँच जिला के असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता अथवा उनके द्वारा गठित चिकित्सीय पर्षद द्वारा किया जायेगा। उक्त परीक्षण में सफल होना आवश्यक है अन्यथा चयन हेतु मेधा सूची में शामिल नहीं किया जाएगा।

**II.** **अभ्यर्थियों के शारीरिक बनावट में मुड़ा घुटना, धनु पैर, समतल पैर, स्पीत शिरा, ऊँगलियों का उचित ढंग से नहीं घुमना, दृष्टिदोष, कलर ब्लाईंडनेश (Colour Blindness) / रतौंधी (Night Blindness), Hearing, Stammering, Bericocele/ Hydrocele/ Piles और Any Communicable Physical/ Mental Disease आदि की चिकित्सीय परीक्षण की जायेगी।**

चिकित्सीय जाँच का प्रपत्र **परिशिष्ट–XI** के रूप में विवरणिका के साथ संलग्न है।

**III.** चिकित्सा पर्षद द्वारा दिये गये निर्णय के विरूद्ध अपील के लिए **Apex Medical Board,** अधीक्षक राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, राँची की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय चिकित्सा पर्षद, झारखण्ड, राँची होगा।

**Apex Medical Board** के द्वारा चिकित्सीय जाँच का प्रपत्र **परिशिष्ट–XII** के रूप में विवरणिका के साथ संलग्न है।

## परिशिष्ट–(XIII)

## झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग

## विषय : हिन्दी

**पुस्तक – क्षितिज भाग–2**

**काव्य–खण्ड**

1. उधो तुम हौ अति बड़ेभागी – सूरदास
2. राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद – तुलसीदास
3. 'डार द्रुम पलना' 'पलनी नुपूर' – देव
4. 'आत्मकावय' – जयशंकर प्रसाद
5. 'उत्साह', 'अट नहीं रही' – सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला
6. 'फसल', 'यह दंतुरित मुस्कान' – नागार्जुन
7. छाया मत छुना मन – गिरिजा कुमार माथुर
8. कन्यादान – ऋतुराज
9. संगतकार – मंगलोश डबराल

**गद्य–खण्ड**

1. नेता जी का चश्मा – स्वयं प्रकाश
2. बाल गोबिन भगत – रामवृक्ष बेनीपुरी
3. लखनवी अंदाज – यशपाल
4. मानवीय करूण की दिव्य चमक – सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
5. एक कहानी यह भी – मन्नू भंण्डारी
6. स्त्री शिक्षा के विरोधी, कुतर्कों का खण्डन – महावीर प्रसाद द्विवेदी
7. नौबत खाने में इबादत – यतीन्द्र मिश्र
8. संस्कृति – भक्त आनन्द कौसल्यान

**पुस्तक–कृतिका भाग–2**

1. माता का आँचल – शिवपूजन सहाय
2. जार्ज पंचम की नाक – कमलेश्वर
3. साना साना हाथ जोडि – मधु कांकरिया
4. एही ठैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा – शिवप्रसाद मिश्र रूद्र
5. मैं क्यों लिखता हूँ – अज्ञेय

**व्याकरण** :– क्रिया भेद, वाक्य भेद, संज्ञा, सर्वनाम, अव्यय, क्रिया विशेषण, अविकारी, समास, कारक, अनेकार्थी शब्द, मुहावरे, विपरीतार्थक शब्द, पत्र लेखन।

## विषयः कुरमाली

1. **व्याकरण** : संज्ञा, सर्वनाम, वचन, लिंग, पुरूष, भिन्नार्थक शब्द, विलोम शब्द, प्रत्यय, वाक्य – शुद्धिकरण।
2. **शिष्ट साहित्य** : कुरमाली – साहित्य के सभी पाठांश (कहानी, गीत, कविता)
3. **लोक साहित्य** : कुरमाली लोकथा
    - लोकगीत – करम, बिहागीत, डमकच, बांदना (सोहराई)
    - झारखण्ड के स्वतंत्रता सेनानी
    - कुरमाली साहित्यकार एवं उनकी कृतियाँ
    - कुरमाली साहित्य का सामान्य परिचय

---

## विषय : हो

1. **व्याकरण :**– संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, काल, क्रिया, विशेषण, वचन, लिंग, पुरूष, पर्यायवाची शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विलोम शब्द, कहावत, मुहावरे, पहेली काल आदि।
2. **साहित्यः**

**(i)** **गद्य संग्रहः**– मगे मुनु जगर, मादेड़ साड़े, लको बोदरा, बले बुरू रेयः काअनि, रितुइ गोन्डाई, लाङ ओए चिल्काते बोंडोलेयना।

**(ii)** **पद्य संग्रहः**– गुलाब बड़ा, दिषुम, अबुअः भारत दिसुम, अम्बुल, जोनोम दिसुम, सिंगि।

---

## विषय : खोरठा

1. **गद्य भागः**– कहानी, एकांकी, नाटक, लघु उपन्यास

(क) खोरठा गद्य– पद्य संग्रह– प्रकाशक खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद बोकारो।

(ख) दू डाइर जिरहुल फूल

2. **व्याकरणः**– संज्ञा, सर्वनाम, कारक, लिंग निर्णय, मुहावरा, कहावत।

**सहायक पुस्तकेंः–**

(क) खोरठा सहित सदानिक व्याकरण – लेखक ए॰ के॰ झा

(ख) खोरठा व्याकरण – लेखक वासुदेव महतो

3. **निबंधः**– समसामयिक विषय पर

सहायक ग्रन्थ – खोरठा निबंध संग्रह

सम्पादक मंडल – कुमारी शशि, डॉ॰ विनोद कुमार, डॉ॰ बी॰ एन॰ ओहदार

खोरठा निबंध – लेखक डा॰ बी॰ एन॰ ओहदार

---

## खड़िया

1. **व्याकरण :–** संज्ञा, सर्वनाम, वचन, लिंग, पुरूष, अनेकार्थक शब्द, विलोम शब्द, उपसर्ग, प्रत्यय, वाक्य शुद्धिकरण, मुहावरा, बुझावल, उल्टा शब्द।
2. **शिष्ट साहित्य :–** खड़िया पाठ्य पुस्तक के सभी पाठांश (कहानी, गीत, कविता आदि)
3. **लोक साहित्य :–**

(i) खड़िया कहानी (लोककथा)

(ii) खड़िया गीत–पर'ब–तिहा, बिहा (केरसोड.), मुरड', कसासिड.।

(iii) खड़िया साहित्यकार–जुलियस बा', प्यारा केरकेट्टा, जोवाकिम डुँगडुँग, पौलुस कुल्लू।

(iv) **निबंध** – शहीद तेलेंग खड़िया, खड़िया महासभा, बंदोई, जाड कोर, करम, मदेइत, जनम पर'ब।

---

## विषयः पंच परगनिया

1. **व्याकरण :–** संज्ञा, सर्वनाम, वचन, लिंग, पुरूष, समान शब्द अर्थ अनेक, उल्टा शब्द, प्रत्यय, वाक्य शुद्धिकरण, विशिष्ट शब्द, पत्र लेखन आदि।
2. **शिष्ट साहित्यः–** पंचपरगनिया साहित्य पुस्तक के सभी पाठांश (कहानी, गीत, कविता आदि)
3. **लोक साहित्य–**

(i) मारांग बुरू,

(ii) पूजा थान (देवस्थल)

(iii) करम गीत, सँहरइ गीत, बिहा गीत, पुसगीत, मंतर गीत।

(iv) बिरसा मुण्डा, स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़े लोग

(v) पंचपरगनिया साहित्यकार एवं उनकी कृति

(vi) पंचपरगनिया साहित्य का परिचय

---

## विषय : संथाली भाषा का पाठ्यक्रम

1. **व्याकरण** – संज्ञा, सर्वनाम, वचन, लिंग, पुरूष, समान शब्द अर्थ अनेक, विलोम शब्द, प्रत्यय, वाक्य शुद्धिकरण।
2. **शिष्ट साहित्य** – संताली–साहित्य पुस्तक के सभी पाठांश (कहानी, गीत, कविता आदि)
3. **लोक साहित्य** –

(क) आगिल हापड़ाम कोवा; काथा,

(ख) आगिल हापड़ाम कोवा सेरेञ–एनेच्–बाहा, डाहार, सोहराय, काराम, दाँसाँय।

(ग) माहात्मा गाँधी जियोन चरित।

(घ) सिदो कानहू और तिलका माँझी जीवन एवं आंदोलन

(ङ) संताली साहित्यकार एवं कृत्ति

(च) संताली साहित्य का परिचय

---

## विषय : संस्कृत

प्रश्न झारखण्ड राज्य के मैट्रिक स्तर की पाठ्य पुस्तकों पर आधारित होंगे। झारखण्ड राज्य में दशम कक्षा हेतु स्वीकृत पुस्तक शेमुषी (भाग–2) के सभी पाठ तथा उनमें अनुप्रयुक्त व्याकरण इसमें मुख्य रूप से शामिल होंगे। इनके अतिरिक्त शब्द रूप, धातु रूप, तथा व्याकरण के अन्य भाग इस प्रकार होंगे –

**शब्द रूप**

बालक, फल, रमा, पति, मति, नदी, धेनु, वधू, पितृ, मातृ, राजन, गच्छन्, भवत्, आत्मन्, विद्वस, तत्, किम्, इदम्, अस्मद्, युष्मद्।

**धातु रूप (लट, लोट, विधि लिङ्ग, लङ्, तथा लृट लकारों में)**

पठ्, गम्, लिख्, पा, स्था, दृश, अस्, भञ्ज, घ्रा, हन्, श्रु, नृत्, स्पृश, कथ्, कृ, ज्ञा तथा क्री।

**सन्धि** – स्वर सन्धि (भेदों सहित), व्यंजन सन्धि, विसर्ग–सन्धि।

**समास** – तत्पुरूष, वहुब्रीहि तथा द्वन्द्व समास।

**कारक** – सभी विभक्तियों का प्रयोग।

**सामान्य व्याकरण** –संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्यय, ध्वनि, पद, धातु, वाच्य रिर्वतन (केवल लट् लकार में)

---

## विषय : नागपुरी

1. **नागपुरी व्याकरण से**— वर्ण, संज्ञा, सर्वनाम, लिंग, वचन, विशेषण, क्रियाविशेषण, कारक, काल धातु, क्रिया, अव्वय, विपरीतार्थक शब्द, अनेकार्थक शब्द उपसर्ग—प्रत्यय, समास अनेक शब्दों के बदले एक शब्द, वाक्य शुद्धि।

2. **नागपुरी शिष्ट साहित्य से** — मंजर— भाग—2 से— शकुंतला मिश्र, डॉ॰ उमेशनन्द तिवारी

3. **नागपुरी लोक सहित्य से** — लोक गीत, लोक कथा, कहावत, पहेली, मुहावरे

---

## विषय : मुण्डारी

1. **व्याकरण** — संज्ञा, सर्वनाम, वचन, लिंग पुरूष, समान शब्द अर्थ अनेक, विलोम शब्द, प्रत्यय, वाक्य शुद्धिकरण।

2. **शिष्ट साहित्य** — मुण्डारी साहित्य पुस्तक के सभी पाठांश—कहानी, गीत कविता।

3. **लोक साहित्य** — मुण्डारी लोक गीतों (बा, करम, जरगा, जतरा, जपि, अड़ान्दि)

---

## विषयः कुडुख़

1. **व्याकरण** — संज्ञा, सर्वनाम, विषेषण, क्रिया विषेषण, लिंग, वचन, पुरूष, पर्यायवाची शब्द, विपरीतार्थक शब्द, अनेक शब्दों के बदले एक शब्द, कहावत, मुहावरे, पहेली, काल आदि।

(क) **शिष्ट साहित्य** — कुडुख़ साहित्य पुस्तक के सभी पाठांश (कहानी, उपन्यास, नाटक, गीत, कविता)

2. **लोक साहित्य** —

   (क) लोक कथा
   (ख) लोक गीत
   (ग) मुहावरे
   (घ) कहावतें
   (ङ) पहेली

---

## विषय :उड़िया

### 1. गद्य विभाग

**(A) साहित्य – 2007 (OBSE)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | दुनियार हालचाल | – | गोपाल चन्द्र प्रहराज |
| (b) | नारद स्तुति | – | डा॰ सदाशिव मिश्र |
| (c) | जातिय स्रोतरे वुद्विजीवी मानंक स्थान | – | डा॰ वैद्यनाथ मिश्र |
| (d) | स्वाधीन जातिर नूतन मूल्यवोध | – | डा॰ गोलक विहारी धल |

**(B) आम साहित्य – 2007 (OBSE)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | उच्चाभिलाष | – | शशिभूषण राय |
| (b) | सेहि स्मरणीय दिवस | – | डा॰ हरेकृष्ण महताव |
| (c) | विद्या ओ विधार्थी | – | चित्तरंजन दास |

### 2. पद्य विभाग

**(A) साहित्य – 2007 (OBSE)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | उत्कल संतन | – | मधुसूदन दास |
| (b) | नदी प्रति | – | मधुसूदन राउ |
| (c) | धउली पाहाड़ | – | पदमचरण पट्टनायक |
| (d) | आगामी | – | कालिन्दीचरण पाणिग्राही |
| (e) | बापुजी | – | डा॰ मायाधर मानसिंह |

**(B) आम साहित्य – 2007 (OBSE)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | युधिष्ठिरंक धर्म परीक्षा | – | शारला दास |
| (b) | रामचरित | – | उपेन्द्र भंज |
| (c) | छांट पुणि एडे से विराट | – | सच्ची राउतराय |
| (d) | ग्रामपथ | – | विनोद चन्द्र नायक |

### 2. उड़िया साहित्यर इतिहास

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | उड़िया साहित्यर आदि पर्व | – | सुरेन्द्र मंहान्ती |
| (b) | उड़िया साहित्यर इतिहास मध्य पूर्व | – | सुरेन्द्र मंहान्ती |
| (c) | उड़िया साहित्यर इतिहास | – | डा॰ मायाधर मानसिंह |
| (d) | उड़िया साहित्यर संक्षिप्त इतिहास | – | डा॰ वृंदावन आचार्य |

### 3. काव्य ओ कविता

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | श्रीमद् भागवत (एकादश स्कन्द) | – | जगन्नाथ दाश |
| (b) | तपस्विनी | – | गंगाधर मेहर |

(c) कारा कविता – गोपवन्धु दाश

4. **उपन्यास**

(a) छ' माण आठगुण्ठ – फकीर मोहन सेनापति
(b) माटिर मणीष – कालिन्दी चरण पाणीग्रही

5. **गल्प**

(a) गल्प श्वल्प (प्रथम भाग) – फकीर मोहन सेनापति
(b) आजिर गल्प संकलन – निमाइ चरण पटट्नायक
(डिमिरी फुल , मागुणीर शगड, शिकार)

6. **नाटक**

(a) कोणार्क – अश्विनी कुमार घोष

(b) घर संसार – रामचन्द्र मिश्र

7. **व्याकरण**

लिग, वचन, पुरूष, विभक्ति, अव्वय, क्रिया, संधि, समास, रूढ़ि प्रयोग, विपरीतार्थक शब्द, कुदन्त, तद्यित।

---

## Subject : English Language and Literature

### 1. Language

- Error Recognition.
- **Grammar**- Adjective, Noun, Pronoun, Verb, Subject-Verb, Agreement, Interchangeability of Noun and Verb, Gerund, Participle, Infinitive, Adverb, Tense, Clause, Transfromation, Narration, Voice, Preposition.
- Synonyms.
- Antonyms.
- Idioms & Phrases.
- Comprehension Passage etc.

## 2. Literature

- **Novel-** Oliver Twist- Charles Dickens; Animal farm- George Orwell; Five Point Someone- Chetan Bhagat; Treasure Island- R.L. Stevenson; Retold Stories: Lamb's Tales from Shakespeare
- **Poetry-** The Daffodils- William Wordsworth; The Donkey- Sir J. Arthur Thomson; Death Be Not Proud- John Donne; Leisure- W.H. Davis; Where The Mind Is Without Fear- Rabindranath Tagore; The Loveleist of Tress, The Cherry Now- A.E. Housman
- **Short Stories-** Three Questions- Leo Tolstoy; The Tiger's Claw- R.K. Narayan; A Man Who Had No Eyes- Mackinley Kantor; The Lost Jewel- Rabindranath Tagore .
- **Essay-** Good Manners- J.C. Hill; The Sun, the Planets and the Stars- C. Jones; Animals In Prison- Jawaharlal Nehru; Forgetting- R. Lynd.
- **A History of the English Language (in short):** A History of English Language- A.C. Baugh, Origins of the English Language- Joseph Willies, Wikipedia.org

---

## Subject : Urdu

1. Prose

| | | |
|---|---|---|
| i. Qaumi Hamdardi | - | Hali |
| ii. Guzra Howa Zamana | - | Sir Syed Ahmed Khan |
| iii. Achhi Kitab | - | Molvi Abdul Haque |

2. Poems

| | | |
|---|---|---|
| i. Tarana-e-Hind | - | Iqbal |
| ii. O Desh se Aanewale Bata | - | Akhtar Sheerani |

iii. Nagma-e-Sahar - Josh Malihabadi
iv. Barkha Rut aur Pardes - Hali.

3. Grammar
i. Opposite
ii. Gender
iii. Singular
iv. Plural
v. Meanings.

---

## Subject : Bengali Language and Literature

1. Novel, Drama, Poetry
(A) Ramer Sumati- Sharatchandra
(B) Mukut-Rabindranath Thakur
(C) Shishu Kabyo (Selected)- Rabindranath Thakur
(i) Manjhi, (ii) Pujar Saj
(iii) Sukhdukkha (iv) Kagajer Nouka
(D) Kabyo Sanchayan- Sahyendranath Dutta
(i) Mati (ii) Jharna
(iii) palkirgan (iv) Sagar Tarpan
2. Grammar- Bisheshya, Bisheshan, Sarbanam, Kirya, Linga, Bachan
3. Essay
4. Letter writing